आकाशवाणी श्री विजयपुरम

03.02.2025 समय : 1850

- केन्द्रीय बजट पर आयोजित फिक्की सम्मेलन को वित्त सचिव तुहिन कांत पाण्डेय ने संबोधित किया। कहा –भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लगातार अपना स्थान बनाए हुए है।

- वसंत पंचमी के अवसर पर द्वीपों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों पर सरस्वती पूजा का आयोजन।

- श्री विजयपुरम में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम पर कल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा।

- भारतीय–अमरीकी गायिका चंद्रिका टंडन ने जीता ग्रैमी पुरस्कार–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई।

<><><><><><><>

वित्त सचिव और वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लगातार अपना स्थान बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रतिकूल परिस्थितियां और बढ़ती आकांक्षाओं के बीच यह गति बनाये रखने की आवश्यकता है। श्री पांडेय ने यह बात आज नई दिल्ली् के केन्द्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस पर आयोजित फिक्की सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। श्री पांडेय ने कहा कि इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्रों सहित प्रत्येक क्षेत्र की मांग और आपूर्ति कारकों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि देश में मोबाइल इकाईयों का विनिर्माण भारत के लिए सफलता का संकेत है। इसे अब विश्वभर में स्वीकृति मिल रही है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस का केन्द्रीय बजट तैयार करते समय विश्वास प्रथम और शासन में एक आदर्श बदलाव मुख्य थीम रहा। वहीं केन्द्रीय अप्रत्यक्ष और सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि बजट में औद्योगिक वस्तुओं पर सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाया गया है। इस सम्मेलन में फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि केन्द्रीय बजट दो हजार पच्चीस–छब्बीस एक दूरदर्शी बजट है। इस बजट में विकसित भारत के प्रति अटूट वचनबद्धता प्रदर्शित की गई है।

<><><><><><><>

प्रयागराज के महाकुंभ में आज बसंत पंचमी के अवसर पर एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर आज सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। पहले दो अमृत स्नान चौदह जनवरी मकर संक्रांति और उनतीस जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे। अब तक छत्तीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

<><><><><><><>

द्वीपों मे आज भी विभिन्न स्थानों पर सरस्वती पूजन के कार्यकम आयोजित किए गए। द्वीपों के ज्यादातर राजकीय और निजी विद्यालयों मे आज सरस्वती पूजा आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने परंपरा के अनुसार मां सरस्वती की पूजा की। इस दौरान कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यकम भी आयोजित किए गए। श्री विजयपुरम के काली माता मंदिर में भी आज विशेष सरस्वती पूजन का कार्यकम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। इसके अलावा अंडमान लॉ कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर समेत अन्य शिक्षण संस्थाओं में भी सरस्वती पूजा की गई। विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय में भी

सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। स्कूल के शिक्षक ने पूजा के महत्व के बारे में बताया।

विद्यार्थियों ने भी पूजा में बढ़—चढ़कर भाग लेते हुए मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया।

<><><><><><>

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम—पॉश अधिनियम के तहत कल श्री विजयपुरम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, दस से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करने वाली निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जागरूकता सत्र कल सुबह दस बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उपस्थित लोगों को महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न से मुक्त सुरक्षित कार्यस्थल बनाने, शिकायतों पर कार्रवाई और सभी आवश्यक कानूनी प्रोटोकॉल का अनुपालन बनाए रखने के बारे में जानकारी दी जाएगी। सत्र में पॉश (**POSH**) अधिनियम पर विशेषज्ञ वक्ता शामिल होंगे और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

<><><><><><>

दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों के मानसिक तनाव और मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए दक्षिण अंडमान अंचल में समिति का गठन किया गया है। इस समिति में स्थानीय अधिकारियों और स्रोत अधिकारियों को शामिल किया गया है। विद्यार्थी 9443492050, 9434286163, 9434289630, 9434283815 और 9679507383 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में कार्यालय सहायक और सुरक्षा गार्ड के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवारों के मूल प्रमाणपत्रों की जांच का कार्य कल सुबह नौ से दस बजे के बीच निदेशालय में किया जाएगा। साक्षात्कार पांच जनवरी को सुबह दस बजे से शिक्षा सदन स्थित शिक्षा सचिव के कक्ष में लिया जाएगा।

<><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजनों को उनके पुनर्वास के लिए पचास लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्रालय के अधीन एन डी एफ डी सी दिव्यांगजनों को मामूली ब्याज पर संशोधित स्कूटर, बाईक, कार या अन्य उन्नत सहायक उपकरण खरीदने के लिए ऋण प्रदान करता है। योजनाओं के बारे में अधिक जानकारी एन डी एफ डी सी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

भारतीय अमरीकी गायिका और उद्यमी चंद्रिका टंडन ने बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम श्रेणी में त्रिवेणी एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता है। संगीत का उत्सव मनाते हुए लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में सड़सठवां वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंद्रिका टंडन को उनके म्यूजिक एल्बम त्रिवेणी के लिए ग्रैमी पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में, भारतीय संस्कृति के प्रति उनका प्रेम और एक उद्यमी, परोपकारी और संगीतकार के रूप में उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होने संगीतकार चंद्रिका टंडन को लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

<><><><><><><>

उत्तराखंड में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में, कर्नाटक के पन्द्रह वर्षीय जोनाथन गेविन एंटनी ने पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, निशानेबाजी में पंजाब की सिफत कौर सामरा ने महिलाओं की पचास मीटर थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता है। सर्विसेस अट्ठारह स्वर्ण, दस रजत और आठ कांस्य पदक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि कर्नाटक सत्रह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र तेरह स्वर्ण, तेईस रजत और सोलह कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर है।

<><><><><><><>